हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार 2 मई 2026

11 निर्माणाधीन अंडरपास बना परेशानी का सबब



12 एक महीने बाद मंडियां होने लगी खाली, उठान ने...



## खबर संक्षेप

### जहरीला पदार्थ निगलकर राजमिस्त्री ने दी जान

**चोपटा।** क्षेत्र में एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली है। मृतक की पहचान गांव कैरांवाली निवासी सतनाम सिंह के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला नागरिक अस्पताल में पहुंचाया जहां शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

### दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने जिले क्षेत्र से दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों की पहचान सिरसा निवासी मनप्रीत सिंह व जगसीर के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गांव रोड़ी क्षेत्र में शक के आधार पर कार सवार युवक को काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से सात ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### ट्रेन से गिरा व्यक्ति एक टांग कटी

**फतेहाबाद।** जिले के जाखल में वीरवार देर रात एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया। बठिंडा जाने वाली पैसेंजर ट्रेन में चढ़ते समय 48 वर्षीय व्यक्ति का पांव फिसल गया, जिससे वह नीचे गिर गया। इस हादसे में उसकी एक टांग कट गई और दूसरी टांग में भी गंभीर चोटें आई हैं। घायल व्यक्ति की पहचान बठिंडा में मजदूरी का काम करने वाले चिमन लाल के रूप में हुई है। उसे गंभीर हालत में अग्रोहा रेफर कर दिया गया।

### कंकाल मिलने से सनसनी जांच में जुटी पुलिस

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद के गुरु नानकपुरा चौकी के नजदीक उस समय हडक़ंप मच गया जब वहां एक कंकालनुमा अवशेष बरामद हुआ। स्थानीय लोगों ने जब खोपड़ी जैसी आकृति देखी तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अवशेष को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक तौर पर यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मिला हुआ कंकाल किसी व्यक्ति का है या किसी पशु का।

### गरीब परिवार का आसियाना जला

**फतेहाबाद।** जिले के जाखल शहर से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां वार्ड नंबर 4 में गुरूवार देर रात एक गरीब परिवार के आशियाने में भीषण आग लग गई। इस हादसे में घर में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया, जिससे पीड़ित परिवार अब खुले आसमान के नीचे आने को मजबूर है। घटना के वक्त घर का मुखिया हनी सिंह अपनी पत्नी और दो छोटे बच्चों के साथ जाखल के एक निजी अस्पताल में गया हुआ था। बच्चे को इंफेक्शन होने के कारण उसे दवाई दिलाने के लिए पूरा परिवार घर से बाहर था। इसी दौरान बंद घर के अंदर के कमरे से आग शुरू हुई और देखते ही देखते उसने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। धुआं और लपटें उठते देख आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े।

# आखिरकार गतिरोध खत्म : चेयरपर्सन से विवाद के बाद बीडीपीओ भजनलाल का तबादला, चुनाव आचार संहिता के बीच बड़ी कार्रवाई

### चुनाव आयोग से विशेष अनुमति के बाद स्थानांतरण आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद ब्लॉक में पिछले कई दिनों से चल रहा प्रशासनिक और राजनीतिक गतिरोध आखिरकार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी भजनलाल शर्मा के तबादले के साथ शांत हो गया है। पंचायत समिति चेयरपर्सन पूजा चराईपौत्रा और बीडीपीओ के बीच उपजा विवाद इतना गहरा गया था कि राज्य चुनाव आयोग से विशेष अनुमति लेकर यह स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं। फतेहाबाद के बीडीपीओ रहे भजनलाल शर्मा को अब सिरसा जिले के बड़ागुढ़ा ब्लॉक में तैनात किया गया है। वहीं, बड़ागुढ़ा से सुशील मंगला को फतेहाबाद का नया बीडीपीओ नियुक्त किया गया है। गौर करने वाली बात यह है कि वर्तमान में पंचायत चुनाव की आचार संहिता लागू है, जिसके कारण सामान्य तबादलों पर रोक होती है। हालांकि, विभाग ने जनहित का हवाला देते हुए चुनाव आयोग से विशेष मंजूरी लेकर यह आदेश जारी किए। इस पूरे विवाद की शुरुआत एक शिकायत से हुई थी। पंचायत समिति सदस्य अमनदीप ने सीएम विंडो पर चेयरपर्सन पूजा चराईपौत्रा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि पंचायत समिति चेयरपर्सन द्वारा नियमों को ताक पर रखकर 6 गांवों के धार्मिक स्थलों पर करीब 30 लाख रुपये की लागत से लोहे के शेड लगवाए गए। बीडीपीओ भजनलाल ने इस मामले की जांच की और अपनी रिपोर्ट में चेयरपर्सन के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश कर दी।

### पंचायत समिति सदस्य अमनदीप ने चेयरपर्सन पूजा के खिलाफ दी थी शिकायत

#### चेयरपर्सन के गंभीर आरोप और प्रदर्शन



चेयरपर्सन व बीडीपीओ

बीडीपीओ की रिपोर्ट से नाराज चेयरपर्सन पूजा चराईपौत्रा के नेतृत्व में कई सरपंचों और समिति सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया। चार दिनों तक चले धरने के दौरान चेयरपर्सन ने बीडीपीओ पर कई व्यक्तिगत और पेशेवर आरोप लगाए। चेयरर्पसन ने कहा कि बीडीपीओ महिला चेयरपर्सन के अधिकारों में हस्तक्षेप करते हैं और उनकी गैर-मौजूदगी में उनकी कुर्सी पर बैठते हैं। चेयरपर्सन के कमरे में बिना अनुमति के सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए। जनप्रतिनिधियों का आरोप था कि बीडीपीओ विकास कार्यों में अड़ंगा डाल रहे हैं। शेड विवाद पर सफाई देते हुए चेयरपर्सन ने कहा कि ये प्रस्ताव समिति की बैठक में सर्वसम्मति से पास हुए थे और जनता की सुविधा के लिए पंचायत की जमीन पर ही लगाए गए हैं।



**फतेहाबाद।** चेयरपर्सन को संघर्ष में जीत पर बधाई देते भाजपा जिलाध्यक्ष।

#### राजनीतिक हस्तक्षेप और समाधान

मामले को तूल पकड़ता देख पूर्व विधायक दुड़ाराम ने मध्यस्थता की। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया था कि बीडीपीओ का तबादला जल्द कर दिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद वीरवार को धरना समाप्त हुआ और महज कुछ ही घंटों के भीतर सरकार ने तबादला आदेश जारी कर दिए।

#### भाजपा जिलाध्यक्ष का जताया आभार

बीडीपीओ के ट्रांसफर पर खुशी जताते हुए आज चेयरपर्सन पूजा बरसीन, चेयरमैन प्रतिनिधि अजय बरसीन, करनौली सरपंच परमवीर, ब्लॉक समिति सदस्य ब्रहमजीत, बरसीन सरपंच विकास कम्बोज, हिरजरावां से सरपंच प्रतिनिधि करण सिंह ढिल्लों, हरिपुरा से सरपंच प्रतिनिधि दीपक, सुनील दरियापुर, हनुमान सोनी, अहलीसदर सरपंच पुरुषोत्तम, भजनलाल अहलीसदर के साथ बीजेपी जिला कार्यालय में पहुंचे और जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा का मुंह मीठा करवाकर उनका धन्यवाद किया। संघर्ष में चेयरपर्सन पूजा मैहता की जीत पर जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने उन्हें बधाई दीं।

### चेतावनी दी, मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो बड़ा आंदोलन करेंगे

# फतेहाबाद नगर परिषद कर्मचारियों ने शुरू की हड़ताल, सफाई व्यवस्था ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर शुक्रवार से फतेहाबाद नगर परिषद के तमाम कर्मचारी दो दिवसीय प्रदेशव्यापी हड़ताल पर चले गए हैं। इस हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। शुक्रवार को न तो सफाई कर्मचारी सड़कों पर सफाई करने उतरे और न ही डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाली गाड़ियां गली-मोहल्लों में पहुंचीं। सफाई के साथ-साथ नगर परिषद कार्यालय की विभिन्न ब्रांचों में भी कामकाज पूरी तरह ठप रहा, जिससे अपने कार्यों के लिए कार्यालय पहुंचे शहरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार सुबह कर्मचारी नगर परिषद कार्यालय के प्रांगण में एकत्रित हुए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान नरेश राणा ने की और मंच संचालन सचिव ओमप्रकाश लोट द्वारा किया गया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 1 और 2 मई की इस हड़ताल के बाद भी सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो इस आंदोलन को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदला जा सकता है।

> डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाली गाड़ियां भी नहीं पहुंची
>
> • लोगों को झेलनी पड़ रही परेशानी

चूंकि शनिवार को हड़ताल का दूसरा दिन है और रविवार को साप्ताहिक अवकाश है, ऐसे में अब सोमवार से पहले शहर की व्यवस्थाएं पटरी पर लौटने के आसार नहीं हैं। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए इकाई प्रधान नरेश राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार की वादाखिलाफी और तानाशाही रवैया अब बर्दाश्त से बाहर हो चुका है। उन्होंने बताया कि कर्मचारी 16 अप्रैल से चरणबद्ध तरीके से विरोध कर रहे थे, जिसमें काली पट्टी बांधना और भूख हड़ताल शामिल थी, लेकिन सरकार की हठधर्मिता के कारण उन्हें मजबूरन काम बंद कर प्रदेशव्यापी हड़ताल पर जाना पड़ा।




**फतेहाबाद।** नगरपरिषद कार्यालय में रोष जताते हड़ताली कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

#### संघर्ष जारी रखने कर किया ऐलान

*राणा ने स्पष्ट किया कि शहर में सफाई व्यवस्था बिगडने की पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों का मकसद जनता को दुखी करना नहीं है, बल्कि अपने वाजिब हकों के लिए लडना है। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों को बातचीत की मेज पर बुलाने के बजाय दमनकारी नीतियां अपना रही है। जब तक ठेका प्रथा समाप्त नहीं होती और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की प्रक्रिया शुरू नहीं होती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।*

#### कर्मचारियों की मुख्य मांगें

हड़ताल के दौरान कर्मचारी संघ ने सरकार के समक्ष अपनी मांगों को प्रमुखता से रखा। उनकी मुख्य मांगों में सभी विभागों से ठेका प्रथा खत्म कर पक्की भर्ती करना, समान काम के लिए समान वेतन देना और कच्चे कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये निर्धारित करना शामिल है। इसके अलावा, फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए कर्मचारियों के परिजनों को सरकारी नौकरी व आर्थिक सहायता देने, हाईकोर्ट के निर्देशानुसार कच्चे कर्मियों को तुरंत पक्का करने और पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग की गई। इस प्रदर्शन में भारी संख्या में सफाई कर्मचारी, क्लर्क और अन्य तकनीकी कर्मचारी शामिल रहे।



**फतेहाबाद।** सांसद रेखा शर्मा के खिलाफ शिकायत देने थाने पहुंचे बिश्नोई समाज के लोग। *फोटो : हरिभूमि*

# राज्यसभा सांसद रेखा के खिलाफ फतेहाबाद में दो शिकायतें दर्ज

- पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल पर टिप्पणी का मामला गरमाया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी भजनलाल के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी करने के मामले में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। शुक्रवार को फतेहाबाद में चौधरी भजनलाल के समर्थकों और सर्व समाज के लोगों ने सांसद के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए फतेहाबाद सदर और सिटी थाना में दो अलग-अलग शिकायतें देकर केस दर्ज करने की मांग की है। इस दौरान भारी संख्या में सर्व समाज के लोग और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 24 अप्रैल को पंचकूला में आयोजित एक चुनावी जनसभा के दौरान राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन के खिलाफ बेहद अशोभनीय और आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, सांसद ने सार्वजनिक मंच से कहा था कि चौधरी भजनलाल और चंद्रमोहन ने 'बदमाशी' के दम पर चुनाव जीते हैं। इस अवसर पर बिश्नोई सभा फतेहाबाद के प्रधान संजय खिचड़, भूना सरपंच एसोसिएशन के प्रधान मांगे राम गोदारा, खारा खेड़ी के पूर्व सरपंच राजेंद्र खिलेरी, सरपंच बंसी लाल, खजुरी के सरपंच सीता राम पूनिया सहित 36 बिरादरी के सैकड़ों लोग थानों में पहुंचे।

#### माफी मांगें

उल्लेखनीय है कि इस मामले को लेकर सोमवार को फतेहाबाद में बिश्नोई सभा की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी। इस बैठक में अखिल भारतीय श्री गुरु जम्भेश्वर सेवक दल, अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा, जाम्भाणी साहित्य अकादमी बीकानेर, बिश्नोई सभा रतिया और टोहाना सहित कई धार्मिक व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया था। प्रधान संजय खिचड़ ने कहा कि चौधरी भजनलाल का व्यक्तित्व बेहद ऊंचा था। वे जिला परिषद सदस्य से लेकर मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के पदों तक पहुंचे, लेकिन उन्होंने हमेशा 36 बिरादरी को साथ लेकर विकास किया। समाज के लोगों का कहना है कि लोकतांत्रिक गरिमा को बनाए रखने के लिए सांसद रेखा को माफी मांगनी चाहिए।

# दुकान खाली कराने के दबाव में दुकानदार की बिगड़ी तबीयत, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

गांव नंगल में दुकान के मालिकाना हक को लेकर चल रहा विवाद एक दुखद घटना में बदल गया। यहां एक 46 वर्षीय दुकानदार सतपाल सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि दूसरे पक्ष द्वारा दुकान खाली करने के लिए बनाए गए अत्यधिक मानसिक दबाव और धक्का-मुक्की के कारण सतपाल की जान गई है। मृतक के भाई सुखदेव सिंह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सतपाल ने करीब 15 साल पहले गांव में ही दुकान के लिए एक खाली जगह 45 हजार में खरीदी थी, जहां वह किराने की दुकान चलाता था। इस जमीन को लेकर गांव के ही निवासी ओमप्रकाश के साथ लंबे समय से अदालत में विवाद चल रहा था। सुखदेव का आरोप है कि पिछले कुछ दिनों से ओमप्रकाश यह दावा कर रहा था कि कोर्ट का फैसला उसके पक्ष में आया है। जब सतपाल ने इस संबंध में कानूनी दस्तावेज दिखाने की मांग की, तो आरोपी पक्ष टालमटोल करता रहा और लगातार दुकान खाली करने के लिए धमकाने लगा। गुरुवार सुबह करीब 6 बजे जब सतपाल दुकान की सफाई करने पहुंचे, तो आरोपी पक्ष ने दोबारा उन्हें डराया-धमकाया।

# नीट परीक्षा को लेकर प्रशासन की तैयारियां पूरी, छह केंद्र बनाए

- परीक्षा केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले जाने पर रहेगी पाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

नीट (यूजी) 2026 परीक्षा के सुचारू एवं पारदर्शी संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, 3 मई को आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए जिले में कुल छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, इन परीक्षा केंद्रों पर कुल 2451 परीक्षार्थी भाग लेंगे। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से कॉर्डिनेटर प्रिंसिपल प्रदीप सिंह ने बताया कि नीट परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं और नियमों को लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थियों के लिए जहां समयबद्ध प्रवेश और परीक्षा संचालन का शेड्यूल तय किया गया है, वहीं परीक्षा केंद्रों में प्रतिबंधित वस्तुओं को लेकर भी सख्त हिदायतें दी गई हैं। जारी निर्देशों के अनुसार, परीक्षा केंद्र में किसी भी परिस्थिति में मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, स्मार्ट वॉच या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

#### अनाधिकृत प्रवेश पर रहेगी रोक

तीन मई को परीक्षा के शांतिपूर्ण व सफलतापूर्ण संचालन के लिए परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लागू रहेगी। जारी आदेशों के अनुसार सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में हथियार लेकर चलना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। बिना अधिकृत पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में फोटोस्टेट की दुकानों और कोचिंग सेंटरों के संचालन पर रोक लगाई गई है। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के भीतर वाहनों की पार्किंग भी प्रतिबंधित रहेगी, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। परीक्षा केंद्रों के आसपास किसी भी प्रकार के वाई-फाई उपकरण या गैजेट्स का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। साथ ही लाउडस्पीकर बजाने पर भी रोक रहेगी।

# सफाई कर्मचारियों ने की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश स्तरीय यूनियन के आह्वान दूसरे दिन हड़ताल जारी रखी। शुक्रवार को शहर में डोर-टू डोर घरों से कूड़ा उठाने वाले कर्मचारियों ने भी सफाई कर्मचारियों का समर्थन करते हुए उनके साथ हड़ताल पर रहे। सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर रहने के कारण शहर में जह जगह कूड़े के ढेर जमा होने लगे। कर्मचारी संघ के प्रधान सिकंदर सिंह ने बताया कि कर्मचारी अपनी स्थानीय मांगों को लेकर आज दूसरे दिन हड़ताल पर है, जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक वे हड़ताल जारी रखेंगे।



**सिरसा।** मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारी।

#### शहीद साथियों के साथ भेदभाव

कार्ड नहीं बनने के कारण उनके तीन साथी कर्मचारियों का बेहतर स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिलने से निधन हो चुका है। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं की जाती ओर सचिव अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं करता तो वे हड़ताल कर धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे। उन्होंने फायर साथियों के समर्थन में सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए कहा कि जब सरकार एक पुलिस कर्मी के शहीद होने पर एक करोड़ रुपए मुआवजा, सरकारी नौकरी व अन्य सभी सुविधाएं देती है, तो फायर विभाग के शहीद साथियों के साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फायर कर्मचारी भी अपनी जान जोखिम में डालकर जनता की सेवा करते हैं, इसलिए उन्हें भी मान-सम्मान और सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए।

### सभी आवश्यक तैयारियां पूरी, जनगणना देश की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया : डीसी

# जनगणना 2027: हाउस लिस्टिंग कार्य शुरू तीन हजार कर्मियों की लगाई गई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जनगणना 2027 के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिले में शुक्रवार को वास्तविक हाउस लिस्टिंग एवं जनगणना कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ कर दिया गया है। इस कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि प्रत्येक घर तक पहुंच बनाकर सटीक आंकड़े एकत्रित किए जा सकें। जिले में इस कार्य के लिए लगभग 3 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है प्रधान जनगणना अधिकारी एवं डीसी डॉ. विवेक भारती के निर्देशानुसार जनगणना नोडल अधिकारी एवं सीटीएम गौरव गुप्ता ने बताया कि जनगणना कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पूरा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जनगणना देश की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विभिन्न विकास नीतियों और योजनाओं का निर्माण किया जाता है।



**फतेहाबाद।** जिला में हाउस लिस्टिंग एवं जनगणना कार्य करते हुए प्रगणक एवं पर्यवेक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

#### करें सहयोग

सीटीएम गौरव गुप्ता ने आमजन से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में आने वाले प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का पूरा सहयोग करें और उन्हें सही, सटीक एवं अद्यतन जानकारी उपलब्ध करवाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना का उद्देश्य केवल जनसंख्या का सही आकलन करना है और इसका किसी भी प्रकार की नागरिकता या व्यक्तिगत प्रोफाइलिंग से कोई संबंध नहीं है। अतः नागरिक बिना किसी भ्रम या आशंका के सहयोग करें।

#### हेल्पलाइन पर संपर्क

सीटीएम गौरव गुप्ता ने कहा कि यदि किसी प्रगणक, पर्यवेक्षक अथवा नागरिक को किसी प्रकार की समस्या आती है तो वे अपने संबंधित पर्यवेक्षक या तहसीलदार से संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जनगणना विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर 1855 व 01667-230722 भी जारी किया गया है, जिस पर कोई भी जनगणना से संबंधित जानकारी ले सकता है। प्रत्येक शिकायत का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

# राजा शिवाजी में निभाया है जीवा माहाला का किरदार

शुक्रवार को सिनेमाघरों में रितेश देशमुख अभिनीत और निर्देशित फिल्म राजा शिवाजी रिलीज हुई। इस फिल्म में सलमान खान ने भी एक खास किरदार निभाया है? यह किरदार फिल्म में बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसके बिना फिल्म बनाना मुमकिन नहीं था। सलमान खान ने मराठी फिल्म राजा शिवाजी में एक अहम किरदार निभाया है। यह फिल्म हिंदी में भी रिलीज हुई है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सलमान खान के किरदार से अब पर्दा उठ चुका है। सलमान खान ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में जीवा माहाला (जीवाजी महाले) का किरदार निभाया है। फिल्म में उनका लुक भी शानदार है। वह एक बलशाली योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। जीवा माहाला छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना में एक वफादार अंगरक्षक और खास योद्धा थे। उन्होंने एक बार शिवाजी महाराज का जीवन बचाया था। फिल्म राजा शिवाजी में रितेश देशमुख और सलमान खान के अलावा कई और बॉलीवुड एक्टर्स भी अहम किरदारों में नजर आए हैं। इस फिल्म में संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान, अमोल गुप्ते, विद्या बालन, बोमन ईरानी जैसे कई एक्टर्स भी शामिल हैं। रितेश देशमुख ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाया है। यह फिल्म भारत के महानतम योद्धा और राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। कैसे उन्होंने मुगलों से लोहा लिया और 'स्वराज्य' की नींव रखी। फिल्म में कमाल के एक्शन सीन्स हैं, साथ ही वीएफएक्स का भी अच्छा इस्तेमाल किया गया है। शुक्रवार को सिनेमाघरों में रितेश देशमुख अभिनीत और निर्देशित मराठी फिल्म राजा शिवाजी भी रिलीज हुई। राजा शिवाजी का हिंदी वर्जन भी सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य और स्वराज्य हासिल करने की अमर गाथा को फिल्म 'राजा शिवाजी' में दिखाया है। फिल्म में रितेश देशमुख मराठा सम्राट शिवाजी की भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर रिलीज से पहले सोशल मीडिया पर अच्छा खासा क्रेज देखा गया। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'राजा शिवाजी' ने पहले दिन अच्छी शुरुआत की है। पहले दिन ही यह फिल्म 5.34 करोड़ की कमाई करने में कामयाब रही है। इस कमाई में मराठी और हिंदी दोनों वर्जन की कमाई शामिल है। राजा शिवाजी के मराठी वर्जन ने 4.05 कमाए तो हिंदी वर्जन ने 1.29 करोड़ रुपए अपने खाते में जमा किए हैं। इस फिल्म में सलमान खान ने भी एक कैमियो किया है। उनके किरदार की चर्चा सोशल मीडिया पर खूब हो रही है। सलमान खान ने फिल्म राजा शिवाजी में जीवा माहाला (जीवाजी महाले) का किरदार निभाया है। फिल्म में वह एक बलशाली योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। जीवा माहाला छत्रपति शिवाजी महाराज के एक वफादार अंगरक्षक और खास योद्धा थे। उन्होंने एक बार शिवाजी महाराज का जीवन बचाया था।



## हॉलीवुड मसाला




### द डेविल वियर्स प्राडा 2 में आईं नजर

**लॉस एंजिल्स।** एक्ट्रेस स्टेनली टुकी और एमिली ब्लंट को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार से सम्मानित किया गया है। यह एक खास डबल स्टार सेरेमनी रही, जो लॉस एंजेलिस में आयोजित की गई। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' एक मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। रिलीज के बाद से ही फिल्म सुर्खियों में थी। फिल्म में स्टेनली टुकी, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट अहम किरदारों में नजर आईं हैं। फिल्म रिलीज के बाद स्टेनली टुकी और एमिली ब्लंट को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार से सम्मानित किया गया है। यह स्टार उन कलाकारों को दिया जाता है जिन्होंने फिल्मों, टीवी, रेडियो, म्यूजिक या थिएटर में बेहतरीन काम किया हो। इस लिस्ट में पहले भी हैरिसन फोर्ड, मैरिलिन मुनरो, माइकल जैक्सन, टॉम हैंक्स और ड्वेन जॉनसन जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



### सिक्योरिटी ने ऑस्कर अवॉर्ड को समझा हथियार

**लॉस एंजिल्स।** रूस के फिल्ममेकर पाशा तलांकिन ने इस साल बेस्ट फीचर डॉक्यूमेंट्री का अवॉर्ड जीता था। उन्हें मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन के लिए ऑस्कर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था, लेकिन हाल ही में एक अजीब और चौंकाने वाली घटना हुई। उन्हें न्यूयॉर्क के जेएफके एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी ने अवॉर्ड के साथ फ्लाइट में चढ़ने नहीं दिया। बताया गया कि सिक्योरिटी अधिकारियों ने ऑस्कर ट्रॉफी को हथियार समझ लिया। यह ट्रॉफी करीब 3.8 किलो की होती है। तलांकिन ने कहा कि वह मार्च में अवॉर्ड जीतने के बाद कई बार फ्लाइट में इसे साथ ले जा चुके हैं, लेकिन पहले कभी कोई समस्या नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आया कि आखिर ऑस्कर को हथियार कैसे माना जा सकता है। एयरलाइन के एक कर्मचारी ने मदद की कोशिश भी की, लेकिन सिक्योरिटी ने कोई भी बात मानने से इनकार कर दिया। आखिरकार, मजबूरी में तलांकिन को अपनी ट्रॉफी कार्गो में भेजनी पड़ी। एयरलाइन स्टाफ ने इसे बॉक्स में पैक कर भेजा, लेकिन जब वह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट पहुंचे, तो उनका ऑस्कर वहां नहीं मिला।



### प्रेगनेंसी के बीच शुरू की किंग की शूटिंग

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपनी दूसरी प्रेगनेंसी की पुष्टि की है। प्रेगनेंसी के दौरान भी दीपिका अपनी आने वाली फिल्मों की शूटिंग जारी रखने वाली हैं। बहरहाल, इन दिनों दीपिका अभिनेता शाहरुख के साथ फिल्म 'किंग' की शूटिंग साउथ अफ्रीका में कर रही हैं, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। अभी दीपिका पादुकोण साउथ अफ्रीका के केप टाउन में शाहरुख खान के साथ अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। शूटिंग के दौरान की कई तस्वीरें और वीडियो लीक होकर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। इन तस्वीरों में दीपिका और शाहरुख दोनों हाथ में हाथ डालकर एक गाने की शूटिंग करते दिख रहे हैं।



### बच्चों की परवरिश मिलकर करेंगे

**नई दिल्ली।** 'ये जवानी है दीवानी' फेम एक्ट्रेस एवलिन शर्मा के चाहने वालों के लिए एक दुखभरी खबर है। जर्मनी में पैदा हुई एक्ट्रेस ने शादी के 5 साल बाद पति से अलग होने लेने का फैसला किया है। 39 साल की एवलिन दो बच्चों की मां भी हैं। एक्ट्रेस ने साल 2021 में डेंटल सर्जन और एंटरप्रेन्योर तुषान भिंडी से शादी की थी। एक-दूसरे का सम्मान करते हुए दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। जबकि आगे वह साथ मिलकर अपने बच्चों की परवरिश करेंगे। रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' में लारा के रोल में सुर्खियां बटोरने वाली एवलिन ने पति से अलग होने की पुष्टि की है। हम अलग हो रहे हैं, लेकिन अपने बच्चों की मिलकर परवरिश करने पर पूरी तरह से ध्यान दे रहे हैं। यह अलगाव जितना हो सके, उतना सौहार्दपूर्ण है।

## टीवी मसाला





### पलक-राशि की सीरीज लुक्खे का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** पलक तिवारी और राशि खन्ना की नई सीरीज 'लुक्खे' का ट्रेलर रिलीज होते ही छा गया है। सीरीज में शिवांकित सिंह परिहार भी हैं, जो टीवीएफ की कई सीरीज का हिस्सा रह चुके हैं। श्वेता तिवारी की बेटी और एक्ट्रेस पलक तिवारी पिछली बार सलमान खान स्टारर 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आई थीं, और अब उनकी सीरीज 'लुक्खे' आ रही है। हाल ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया, जो दमदार है। सीरीज में रैपर-सॉन्गराइटर किंग के अलावा राशि खन्ना,लक्ष्वीर सरन, शिवांकित सिंह परिहार और नकुल रोशन सहदेव जैसे कलाकार भी हैं। ट्रेलर काफी ग्रिपिंग है और फैंस के बीच चर्चा बटोर रहा है। इस सीरीज के जरिए पलक तिवारी ओटीटी की दुनिया में कदम रख रही हैं। सीरीज 'लुक्खे' के ट्रेलर की शुरुआत एक आवाज से होती है- म्यूजिक से फेम मिलेगा, ड्रग्स से पैसा और पावर, फिर देखना ये सिस्टम भी हमें टच नहीं कर पाएगा। जिसका नाम है, वो ही बदनाम है, और जो बदनाम है, आज उसी का नाम होगा।...फिर एंट्री होती है रैपर किंग की...इसके बाद पंजाब के अंडरग्राउंड रैप की दुनिया, जुर्म और दो रैपर्स के बीच तगड़ी रायवलरी दिखाई जाती है, जो धीरे-धीरे एक हिंसक प्रतिशोध में बदल जाती है। 'लुक्खे' की कहानी लक्ष्वीर सिंह सरन नाम के एक युवा खिलाड़ी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश करने के मकसद से पंजाब के खतरनाक अंडरग्राउंड रैप की दुनिया में एंट्री करता है।

### फलक ने वीडियो डिलीट कर दी सफाई

**नई दिल्ली।** हाल ही 'आशिकी' स्टार राहुल रॉय ने एक कंटेंट क्रिएटर के साथ कुछ रील्स बनाई थीं, जिनके कारण उनका खूब मजाक उड़ाया गया। लोग इसे उनका 'डाउनफॉल' बताने लगे थे। टीवी एक्ट्रेस फलक नाज ने भी राहुल रॉय का मजाक



उड़ाया था और एक्टर की रील अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थी। हालांकि, बाद में फलक ने वह रील डिलीट कर दी और अब राहुल रॉय का मजाक उड़ाने पर सफाई दी है। साथ ही एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री के लोगों से राहुल रॉय का काम देने की अपील की। फलक नाज ने इस बात पर शर्मिंदगी जाहिर की कि उन्होंने राहुल रॉय की स्थिति और मजबूरी जाने बिना उनका मजाक उड़ाया। फलक ने कहा कि ऐसा कल को किसी के भी साथ हो सकता है, इसलिए उन्हें स्थिति समझ आई तो तुरंत वीडियो डिलीट कर दिया। फलक ने अब इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर सफाई दी है। फलक नाज ने वीडियो में कहा, 'कल मैंने एक वीडियो बनाई थी, एक रील मैंने डाली थी, जिसमें राहुल रॉय सर थे। मुझे पहले वीडियो देखकर लगा कि उन्होंने अपनी मर्जी से ऐसा किया है। लेकिन, शाम होते-होते मुझे पता चला कि वो जिंदगी में बहुत सी चीजों से जूझ रहे हैं। उनके फाइनेंशियल क्राइसिस चल रहे हैं। उन्हें हेल्थ इशूज चल रहे हैं।

### करीना ने शेयर की वेकेशन की तस्वीरें तैमूर और जेह की दिखी प्यारी झलक



**मुंबई।** करीना कपूर खान ने अपने वेकेशन के दौरान की शानदार तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में तैमूर और जेह की प्यारी झलक देखकर फैंस बेहद खुश हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच करीना ने अपने दोनों बेटों तैमूर अली खान और जेह अली खान के साथ परिवार की खुशी के पल साझा किए हैं। करीना ने अपने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा 'पुराने जमाने की सुबह। दूसरी स्टोरी में उन्होंने लिखा 'गुड मॉर्निंग'। पहली तस्वीर में एक सुंदर गलियारा दिख रहा है, जिसमें सफेद खंभे, पुरानी स्टाइल की कुर्सियां नजर आ रही हैं। यह देखने में बहुत शानदार और राजसी लग रहा है। दूसरी तस्वीर में तैमूर और जेह खुले आंगन में एक साथ खड़े होकर सुबह का मजा ले रहे हैं। करीना कपूर और सैफ अली खान ने 16 अक्तूबर 2012 को मुंबई में एक निजी समारोह में शादी की थी। 5 साल तक डेटिंग और लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के बाद, इस कपल ने शादी का फैसला किया। करीना और सैफ के दो बेटे हैं- तैमूर और जहांगीर। बड़े बेटे तैमूर अली खान का जन्म दिसंबर 2016 में हुआ था। छोटा बेटे जहांगीर अली खान (जेह) का जन्म फरवरी 2021 में हुआ था। करीना कपूर खान अब फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ और पृथ्वीराज सुकुमारन की मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

### 3 फिल्मों के बीच होगा महा क्लैश

**नई दिल्ली।** साल 2026 का पहले क्वार्टर का सफर समाप्त हो गया है और अप्रैल से दूसरे क्वार्टर का दौर शुरू हो गया है, जो अप्रैल से लेकर जून तक चलेगा। जल्द ही अप्रैल समाप्त होगा और मई-जून आएगा। साल के सेकेंड क्वार्टर का फैंस बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। क्योंकि, जून 2026 में कई शानदार फिल्में रिलीज की जानी है। इस मामले में तीन मूवीज ऐसी हैं, जिनके बीच बॉक्स ऑफिस पर भिड़ंत देखने को मिलेगी।

#### पेड्डी

इस लिस्ट में पहला नाम साउथ सुपरस्टार राम चरण चरण की मोस्ट अवेटेड मूवी पेड्डी का शामिल हो रहा है। एक्शन और स्पोर्ट्स ड्रामा थ्रिलर के तौर पर हर कोई पेड्डी की रिलीज का इंतजार कर रहा है। पहले ये फिल्म 30 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में इसकी रिलीज डेट में बदलाव किया गया है और अब राम चरण की ये मूवी 25 जून को सिनेमाघरों में एंट्री मारेगी।

#### जून में दिखेगा बॉलीवुड और साउथ का संग्राम




#### वेलकम टू द जंगल

करीब 3 साल से अक्षय कुमार स्टारर कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल रिलीज की राह देख रही है। मल्टी स्टारर इस मूवी का डायरेक्शन अहमद खान ने किया है। गौर करें वेलकम टू द जंगल की रिलीज डेट की तरफ तो इसे 26 जून को दुनियाभर के थिएटर्स में प्रदर्शित किया जाएगा। अक्षय के अलावा इस मूवी में सुनील शेट्टी, परेश रावल, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी और श्रेयस तलपडे जैसे कई कलाकार नजर आने वाले हैं।

#### लेनिन

किस्मत जैसी शानदार साउथ मूवी से फैंस का दिल जीतने वाले अभिनेता अखिल अक्कीनेनी को भला कौन भूल सकता है। अखिल की अगली फिल्म का नाम लेनिन है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा कुछ समय पहले ही की गई है। 26 जून को एक्शन थ्रिलर लेनिन बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। इस तरह से पेड्डी, वेलकम टू द जंगल और लेनिन जून के अंतिम दिनों बॉक्स ऑफिस पर आपस में टकराती हुई नजर आएंगी। ऐसे में ये देखना बड़ा ही दिलचस्प होगा कि इनमें से कौन सी मूवी कमाई के मामले में अव्वल निकलेगी।

### इस वीकएंड जमेगा खूब रंग, घर बैठे होगा भरपूर मनोरंजन

# ओटीटी पर देखने को मिलेंगी ये मजेदार सीरीज और फिल्में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुक्रवार 01 मई को हिंदी और साउथ की कई चर्चित फिल्मों ने दस्तक दी है। सिनेमाघर जाने का भरपूर मौका है। मगर, वीकएंड पर घर बैठे कुछ देखने का मन है, तो यहां भी पिटारे में बहुत कुछ है। सिनेमाघरों में धुरंधर 2 और भूत बंगला के बाद शुक्रवार को कई और फिल्में लग गई हैं। जुनैद खान और साई पल्लवी की 'एक दिन' है, तो कारा, केडी, राजा शिवाजी और पैट्रियट जैसी फिल्मों के भी विकल्प हैं। इसी के साथ घर बैठे भी इस बार आपका भरपूर मनोरंजन होगा। कई चर्चित फिल्मों और सीरीज ने ओटीटी पर दस्तक दी है।

#### द केरल स्टोरी 2

सिनेमाघरों के बाद फिल्म द केरल स्टोरी 2 भी अब ओटीटी पर आ चुकी है। शुक्रवार 01 मई से यह ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इसमें उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा जैसे सितारे हैं। बता दें कि फिल्म का पहला पार्ट काफी हिट रहा था, जिसमें अदा शर्मा ने लीड भूमिका निभाई थी।

#### बैचमेट्स

यह एक तेलुगु वेब सीरीज है, जो इंजीनियरिंग के चार छात्रों पर आधारित है। इसमें कॉलेज लाइफ, रैगिंग के अलावा छात्र जीवन के कई अन्य पहलुओं को दिखाया जाएगा। इसे 30 अप्रैल को यह जियोहॉटस्टार पर रिलीज हुई।




#### अनदेखी सीजन 4, आडु 3

*सीरीज अनदेखी सीजन 4 शुक्रवार 01 मई को सोनी लिव पर रिलीज हुई है। इसमें हर्ष छाया और सूर्य शर्मा लीड रोल में हैं। यह क्राइम थ्रिलर सीरीज है। इसके अलावा आडु 3 भी है, जो कि एक मलयालम भाषा की फिल्म है। इसमें जयसूर्या, विजय बाबू और सनी वेन हैं। यह कॉमेडी फैंटेसी फिल्म है।*

#### माय डियरेस्ट सेनोरीटा

*यह एक स्पेनिश फिल्म है। यह 17 अप्रैल को स्पेन में रिलीज हुई। अब इसे दर्शक ओटीटी पर भी देख सकते हैं। इसका निर्देशन फर्नांडो जी. मोलिना ने किया है। यह फिल्म 1972 में इसी नाम से बनी फिल्म पर आधारित है। फिल्म कहानी एक पारंपरिक रुढ़िवादी परिवार में जन्मी इकलौती संतान एडेला पर आधारित है। शुक्रवार 01 मई को यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है।*

#### ग्लोरी

अगर आपको स्पोर्ट्स पर आधारित कंटेंट पसंद है तो इस वेब सीरीज को वीकएंड पर देख सकते हैं। इसमें पुलकित सम्राट, दिव्येंदु, सुविंदर विक्की, जन्नत जुबैर, सयानी गुप्ता और आशुतोष राणा अहम भूमिकाओं में हैं। सीरीज आज 1 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह क्राइम ड्रामा सीरीज बॉक्सिंग की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसका निर्देशन करण अंशुमन और कनिष्क वर्मा ने किया है।

#### स्वैप्ड

यह एक अमेरिकी एनिमेटिड कॉमेडी फिल्म है। वीकएंड पर अगर बच्चों के साथ कुछ बढ़िया देखने का मन है तो इस फिल्म को अपनी लिस्ट में जोड़ सकते हैं। इसका निर्देशन नाथन ग्रेनो ने किया है। स्काईडांस एनिमेशन द्वारा निर्मित इस फिल्म में माइकल बी जॉर्डन, जूनो टेम्पल, ट्रेसी मॉर्गन, सेड्रिक द एंटरटेनर और जस्टिना मचाडो ने अपनी आवाजें दी हैं। यह शुक्रवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

#### राकासा

हॉरर के शौकीन इस फिल्म को देख सकते हैं। संगीत शोभन और नयन सारिका अभिनीत तेलुगु फिल्म राकासा 03 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और खूब तारीफ बटोरीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। इसका निर्देशन मानसा शर्मा ने किया। अब यह 1 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। फिल्म तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में उपलब्ध है।

## 3.40 लाख पशुओं का होगा मुफ्त टीकाकरण

**फतेहाबाद।** पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग द्वारा राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के 11वें चरण के तहत मई माह के प्रथम सप्ताह से प्रदेशभर में मुंहखुर एवं गलघोटू रोग से बचाव हेतु संयुक्त टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। जिला स्तर पर इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उपनिदेशक पशुपालन एवं डेयरिंग फतेहाबाद डॉ. सुखविन्द्र सिंह ने बताया कि इस अभियान की रूपरेखा तैयार कर सभी उपमंडल अधिकारियों, पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग के अधिकारियों तथा पशुचिकित्सकों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के दौरान कोई भी पशु टीकाकरण से वंचित न रहे और सभी निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि मुंहखुर एवं गलघोटू दोनों ही पशुओं के लिए अत्यंत खतरनाक रोग हैं। मुंहखुर रोग में पशुओं के मुंह व खुर में छाले पड़ जाते हैं, जिससे उन्हें चारा खाने और चलने में कठिनाई होती है, जबकि गलघोटू रोग में तेज बुखार, गले में सूजन तथा सांस लेने में परेशानी होती है। इन बीमारियों के कारण पशुओं के दुग्ध उत्पादन में भारी गिरावट आती है और पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। कई मामलों में पशुओं की मृत्यु भी हो जाती है।

### काम का समय 8 से बढ़ाकर 14 घंटे तक किए जाने की जताई आशंका

# ट्रेड यूनियनों ने संयुक्त रूप से मनाया मई दिवस, श्रम कानूनों में बदलाव का विरोध

- महिलाओं को रात की शिफ्ट में काम करने की छूट देने से बढ़ेंगे उत्पीड़न के मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर रोष जताते विभिन्न संगठनों के कर्मचारी।

अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आज फतेहाबाद में विभिन्न ट्रेड यूनियनों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीटू, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा और रिटायर्ड कर्मचारी संघ के पदाधिकारी व सदस्य भारी संख्या में एकत्रित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कर्मचारी नेता विनोद कक्कड़ ने की, जबकि मंच संचालन सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव रामनिवास शर्मा द्वारा किया गया।
मई दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सीटू नेता बेगराज, गगनदीप कौर और सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व जिला प्रधान भूप सिंह भड़ोलावाली ने कहा कि नए कानूनों के तहत काम के घंटे 8 से बढ़ाकर 14 तक किए जा सकते हैं और महिलाओं को रात की शिफ्ट में काम करने की छूट देने से उनके उत्पीडन के मामले बढने की आशंका है। सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष पूनमचंद रति और नगरपालिका कर्मचारी संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश तुषामड़ ने हरियाणा सरकार की नीतियों की कड़े शब्दों में आलोचना की। उन्होंने कहा कि पिछले 24 दिनों से अग्निशमन विभाग के कर्मचारी हड़ताल पर हैं, लेकिन सरकार उनके प्रति संवेदनहीन बनी हुई है। ड्यूटी के दौरान शहीद हुए कर्मचारियों के परिवारों को अब तक कोई आर्थिक सहायता नहीं दी गई है। उन्होंने घोषणा की कि सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ सभी ब्लॉकों में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा और अग्निशमन कर्मचारियों की हड़ताल के समर्थन में रोजाना संघ के 5 पदाधिकारी क्रमिक अनशन पर बैठेंगे। यदि सरकार ने मांगें नहीं मानी, तो 17 मई को रोहतक के संघ भवन में राज्य स्तरीय कन्वेंशन कर आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। रिटायर्ड कर्मचारी संघ के नेता डॉक्टर पृथ्वी सिंह बाना ने केंद्र सरकार द्वारा 31 दिसंबर 2025 तक आठवें वेतन आयोग की रिपोर्ट लागू न करने की संभावना पर कड़ा रोष जताया। उन्होंने कहा कि सरकार को कर्मचारियों की पेंशन और भत्तों पर कैंची चलाने से पहले अपने सांसदों के भत्ते और पेंशन बंद करने चाहिए। इस प्रदर्शन के दौरान फतेहाबाद ब्लॉक प्रधान राजपाल मिताथल, भट्टू ब्लॉक सचिव पवन, हरकिशन लाल कम्बोज, नगरपालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान विजय ढाका, नरेश कुमार राणा, विरू रति, योगेन्द्र सिंह भूषण, पूर्व कर्मचारी नेता ब्रह्मपाल और बनारसी ने भी संबोधित किया।

### बुद्ध पूर्णिमा और मजदूर दिवस मनाया

**सिरसा।** राजकीय विद्यालय बप्पां में शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा एवं मजदूर दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम हुआ जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षक नरेश कुमार ग्रोवर मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों को गौतम बुद्ध का जीवन परिचय कराया। उन्होंने बताया कि महात्मा बुद्ध का जन्म लुंबिनी में हुआ था और उन्होंने सत्य, अहिंसा, करुणा और मध्यम मार्ग का संदेश देकर पूरे विश्व को शांति का मार्ग दिखाया। उनका जीवन त्याग, साधना और मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। ग्रोवर ने बच्चों को बुद्ध के आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आज के समय में उनके सिद्धांत जैसे क्रोध पर नियंत्रण, दूसरों के प्रति दया और सादगी हमारे जीवन को सही दिशा दे सकते हैं। इसी क्रम में उन्होंने मजदूर दिवस के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मजदूर समाज और देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं। उनके कठिन परिश्रम से ही राष्ट्र का विकास संभव होता है। अतः हमें उनके श्रम का सम्मान करना चाहिए, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और उनके प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाना चाहिए। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे हर श्रमिक के कार्य का सम्मान करें और समाज में समानता एवं सहयोग की भावना को बढ़ावा दें। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों को इस विषय पर पेंटिंग बनाने एवं अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों ने सुंदर चित्रों के माध्यम से बुद्ध के जीवन, उनके आदर्शों तथा श्रमिकों के महत्व को दर्शाया और अपने विचार साझा किए।


सिरसा। बच्चे चित्रों के माध्यम से बुद्ध के आदर्श दर्शाते हुए।


भूना। मई दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

### भूना में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस नपा कर्मचारियों को पक्का करने की उठी मांग

**भूना।** नगरपालिका कार्यालय प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष सत्यवान ने की, जबकि मंच संचालन ओमप्रकाश अनेजा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे आईसीटीयू के राज्य महासचिव राजेश चौबारा ने मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि 1886 में शिकागो के मजदूरों ने अपने अधिकारों के लिए जो शहादत दी थी, उसी संघर्ष के कारण आज दुनिया भर के मजदूरों को 8 घंटे काम का अधिकार मिला है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार 4 लेबर कोड लाकर मजदूरों को कॉर्पोरेट घरानों का गुलाम बनाना चाहती है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी 10 मई को संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा द्वारा जाट धर्मशाला में राज्य स्तरीय कन्वेंशन कर श्रम बोर्ड के बंद पोर्टल को खुलवाने के लिए आंदोलन शुरू किया जाएगा। सीटू के जिला कोषाध्यक्ष मुकेश डूल्ट ने कहा कि वर्तमान सरकार के राज में हर वर्ग दुखी है और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने नगरपालिका कर्मचारियों को कोर्ट के आदेशानुसार पक्का करने और उनका बकाया वेतन तुरंत देने की मांग की।

### वर्कशॉप में मजदूरों को बताए गए कानूनी अधिकार

**सिरसा।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सीडीएलयू के पास निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज सिरसा में कार्यरत मजदूरों के लिए एक जागरूकता वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि वर्कशॉप के दौरान रीटेनर अधिवक्ता आशीष गुप्ता ने मजदूरों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मजदूरों को अपने अधिकारों की जानकारी होना बेहद जरूरी है, ताकि वे किसी भी प्रकार के शोषण से बच सकें। साथ ही उन्हें आवश्यकता पड़ने पर मुफ्त कानूनी सहायता के लिए संबंधित विभाग से संपर्क करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

## सिटी सेंटर में सुरक्षा अस्पताल का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



डबवाली रोड स्थित नगर के विख्यात सुरक्षा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के संचालक डा. सुभाष मील व उनकी धर्मपत्नी डा. मंजीत मील ने आज डबवाली रोड पर रेलवे लैंड में विकसित किए जा रहे श्रीमत सिटी सेंटर में अपने अस्पताल के भवन का भूमि पूजन किया। इस मौके पर पंडित घनश्याम शर्मा ने वैदिक विधि विधान के साथ पूजन करवाया।

इस मौके पर डा. सुभाष मील के पिता ओमप्रकाश मील व माता कमला देवी के अलावा पारिवारिक सदस्य उपस्थित थे। हवन यज्ञ में डा. जगतपाल बैनीवाल, गांव माखोसरानी के सरपंच सुभाष कासनियां, डा. रविंद्र सांगवान, राजबीर सहारण, नरेश महला, विनोद सहारण, महेंद्र छिंपा सहित अन्य गण्यमान्यजनों ने भी यज्ञ में आहूति डाली। श्रीमत टैक्सवर्थ प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक माधव जैन, प्रमोटर संजीव जैन एडवोकेट, सतीश गर्ग, एसपी सेठी, जगदीश बिश्नोई, धीरज मेहता सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। इस मौके पर कंपनी निदेशक माधव जैन ने सुरक्षा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के संचालक डा. सुभाष मील व उनकी धर्मपत्नी मंजीत मील को स्मृति चिह्न भेंट किया। वर्णनीय है कि श्रीमत टैक्सवर्थ प्राइवेट लिमिटेड की ओर से डबवाली रोड से सटे रेलवे की सवा सात एकड़ में बहुमंजिला कमर्शियल-कम-रेजिडेंसियल मार्केट का निर्माण किया जा रहा है।

## क्रेसंट स्कूल में शतरंज स्पर्धा में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल में दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाडियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल रितु सिंधु ने बताया कि क्रेसंट स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेलों और बौद्धिक गतिविधियों को भी समान महत्व देता है।

शतरंज जैसे खेल विद्यार्थियों में तार्किक सोच, एकाग्रता, धैर्य और निर्णय क्षमता को विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल समय-समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करता है। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर डायरेक्टर सुभाष टुटेजा, दिलीप सिंह एवं प्रिंसिपल रितु सिंधु ने विजेताओं को सम्मानित किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में रेखा, जयप्रकाश भाम्भू एवं रोहतास कड़वासरा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्रेसंट स्कूल फतेहाबाद लगातार शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। विद्यालय के छात्र जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं।


**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में शतरंज प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे परिणाम

इस प्रतियोगिता के अंडर-9 गर्ल्स में प्रतिभा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-13 गर्ल्स में जीनत प्रथम व रिवानी रंगा द्वितीय रहीं। अंडर-13 बॉयज़ में विहान बजाज प्रथम व रुहान द्वितीय स्थान पर रहे। अंडर-17 गर्ल्स में अभिलाषा प्रथम व जानवी किनरा द्वितीय रहीं। अंडर-17 बॉयज़ में रेहान मेहता प्रथम व हरमन द्वितीय स्थान पर रहे। अंडर-19 गर्ल्स में रूवीना रंगा प्रथम रहीं। अंडर-19 बॉयज़ में मोलिक प्रथम व ईशांत द्वितीय स्थान पर रहे। अंडर-09 बॉयज़ में दक्षित टोहाना प्रथम व नवय द्वितीय रहे। इसके अलावा अंडर-07 बॉयज़ में विवान प्रथम व तेजस द्वितीय रहे। अंडर-07 गर्ल्स में स्वीटनूर प्रथम व माहक द्वितीय रहीं। अंडर-11 गर्ल्स में जानवी प्रथम व प्रतिभा द्वितीय रहीं। अंडर-11 बॉयज़ में विहान प्रथम व रुहान द्वितीय रहे। अंडर-15 गर्ल्स में अभिलाषा प्रथम व रूवीना रंगा द्वितीय रहीं। अंडर-15 बॉयज़ में रेहान प्रथम व मोलिक द्वितीय रहे। ओपन फीमेल कैटेगरी में रिवानी रंगा प्रथम व भूमिका द्वितीय रहीं। ओपन कैटेगरी में हरमन प्रथम व विहान कथूरिया द्वितीय स्थान पर रहे।

### स्वगणना में जिला सिरसा प्रदेशभर में अग्रणी

**सिरसा।** जनगणना-2026 के तहत चल रहे स्व-गणना अभियान में जिला सिरसा ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने बताया कि सेल्फ एन्यूमरेशन में सिरसा जिला 29,530 आंकड़ों के साथ शीर्ष पर है, जो जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के टॉप-5 जिलों में सिरसा पहले, करनाल दूसरे (28,891), जींद तीसरे (24,290), महेंद्रगढ़ चौथे (19,510) और फतेहाबाद पांचवें स्थान (18,346) पर हैं। यह उपलब्धि प्रशासन और आमजन के सहयोग का परिणाम है। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य शुरू हो चुका है। इस अभियान के तहत प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्र कर रहे हैं, ताकि जनगणना का कार्य पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ किया जाना चाहिए। यह प्रक्रिया पूर्णतः डिजिटल माध्यम से की जा रही है, जिससे कार्य में पारदर्शिता, गति और सटीकता सुनिश्चित होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।


**सिरसा।** शिविर में बच्चों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### शिव शक्ति ब्लड सेंटर ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**सिरसा।** जिले के गांव साहूवाला द्वितीय के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिव शक्ति रक्तदाता समिति द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के सफ ल आयोजन में विद्यालय की प्राचार्या मंजू बाला व सभी स्टाफ सदस्यों का विशेष योगदान रहा। शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों व स्कूल के विद्यार्थियों ने भारी संख्या में भाग लिया, जिसमें 300 से अधिक व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ ब्लड प्रेशर, शुगर, दंत जांच तथा नेत्र परीक्षण की विशेष व्यवस्था की गई। शिव शक्ति ब्लड सेंटर की टीम द्वारा ब्लड गुरप जांच से सभी को अपने ब्लड गुरप की जानकारी मिली। वहीं, डेंटल जांच में दांतों से संबंधित समस्याओं की पहचान कर उचित परामर्श दिया गया। नेत्र विशेषज्ञ द्वारा बच्चों की आंखों को जांच कर आवश्यक सलाह दी गई। इस जांच शिविर में कई लोगों को पहली बार अपने स्वास्थ्य से जुड़ी अहम् जानकारियां मिलीं। शिविर के दौरान सभी जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाईयां वितरित की गईं। इस अवसर पर शिव शक्ति रक्तदाता समिति के संस्थापक-अध्यक्ष डॉ.वेद बेनीवाल, सम्मानित सदस्यों, शिव शक्ति ब्लड सेंटर के निदेशक डॉ. आर.एम. अरोड़ा, कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार जैन, सुनैना अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

### बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों की करवाई काउंसलिंग

**सिरसा।** मिशन बुनियाद के अंतर्गत राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिरसा में बुनियाद लेवल-3 की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों की काउंसलिंग करवाई गई। सिरसा जिले से 416 विद्यार्थियों ने 30 मार्च को आयोजित लेवल 3 की परीक्षा में भाग लिया था, जिनमें से 297 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। सफल विद्यार्थियों में 171 छात्राएं तथा 126 छात्र शामिल हैं, जबकि 119 विद्यार्थी वेटिंग सूची में रखे गए हैं। काउंसलिंग प्रक्रिया के उपरांत चयनित विद्यार्थियों को उनके निर्धारित बुनियाद केंद्र आवंटित कर दिए गए हैं, जहां वे आगे की पढ़ाई करेंगे तथा उनका प्रवेश भी संबंधित विद्यालयों में सुनिश्चित किया जाएगा। वर्तमान में सिरसा जिले में पांच बुनियाद केंद्र संचालित हो रहे हैं, जिनमें राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सिरसा, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नाथूसरी चौपटा, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ऐलनाबाद, पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ओढ़ां, फ्रीडम फाइटर वैद्यराम दयाल राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मंडी डबवाली शामिल हैं।


**चोपटा।** बालिकाओं का टीकाकरण करती विभागीय टीम। फोटो : हरिभूमि

### गांव कागदाना में चलाया गया टीकाकरण अभियान

**चोपटा।** गांव कागदाना के स्वास्थ्य केन्द्र में शुक्रवार को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को टीके लगाए गए। इस मौके पर नाथूसरी चौपटा के बीडीपीओ डा. स्टालीन सिद्धार्थ सचदेवा व गांव के सरपंच प्रतिनिधि मांगेराम बेनीवाल मौजूद रहे। यह अभियान बालिकाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चलाया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में किशोरियों ने भाग लिया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बालिकाओं और उनके अभिभावकों को टीके के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। बीडीपीओ डा. स्टालीन सिद्धार्थ सचदेवा ने जानकारी देते हुए बताया कि एचपीवी एक वायरस है जो मुख्य रूप से महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) का प्रमुख कारण बनता है। यह संक्रमण अक्सर बिना किसी लक्षण के फैलता है और समय के साथ गंभीर बीमारी का रूप ले सकता है। इसी कारण कम उम्र में ही इस वायरस से बचाव के लिए टीकाकरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि यह टीका सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करता है और शरीर में वायरस के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता विकसित करता है। यह भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के खतरे को काफी हद तक कम करता है। किशोरावस्था में लगाया गया टीका अधिक प्रभावी माना जाता है।

### न्यूज डायरी



### सरकार गोवंश संरक्षण पर दे रही पूरा जोर : रेणु शर्मा

**सिरसा।** डबवाली भाजपा जिलाध्यक्ष रेणु शर्मा ने शुक्रवार को हरियाणा सरकार द्वारा गौशालाओं को सहयोग स्वरूप दी गई राशि के चैक गौशाला प्रतिनिधियों को वितरित किए। उन्होंने श्री गौशाला मंडी डबवाली को 2861200, नंदीशाला मंडी डबवाली को 1576420, श्री दुर्गा गौशाला समिति पिपली को 710700, कृष्ण गौशाला कालांवाली को 1153220, नंद बाबा गौसेवा संस्थान कालांवाली को 418600, बाबा संतोख दास गौशाला ओढां को 1352400 रुपए के चैक वितरित किए। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रेणु शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार गौ संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार गौवंश संरक्षण एवं संवद्र्धन पर पूरा जोर दे रही है। गौशालाओं के विकास के लिए और इनमें पशुओं के रखरखाव के लिए सरकार की ओर से अनेक योजनाएं बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण गाय के गोबर से बनने वाली वाली खाद पर आधारित खेती करें, ताकि कीटनाशकों के चल रहे अंधाधुंध इस्तेमाल पर रोक लग सके तथा प्राचीन पद्धति के अनुसार हम सभी को ऑर्गेनिक अनाज प्राप्त हो सके। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार गौसेवा के संरक्षण एवं संवद्र्धन के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि गौशाला संचालक सभी गायों का रजिस्ट्रेशन अवश्य करवाएं। इस मौके पर उनके साथ राजेंद्र देसुजोधा, सतीश जग्गा, विजय वधवा, अमीलाल पारीक, सतेंद्र गर्ग, महेंद्र बांसल, सुनील जिंदल, कृष्ण कामरा, चाणक्य पारीक, प्रिंस बिश्नोई, सतपाल शर्मा, लवली गर्ग सहित अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

### दिनभर उड़ती रहती है धूल, व्यापार मंडल ने जताई चिंता

# निर्माणाधीन अंडरपास बना परेशानी का सबब

- सड़क पर डाल रहे खुदाई में निकली मिट्टी, अब तक हो चुके हैं कई हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


**सिरसा।** अंडरपास बनने से पहले सीवरेज पाइप लाइन के लिए खोदी सडक़।

शहर के कोर्ट कॉलोनी रोड पर निर्माणाधीन अंडरपास शहरवासियों के लिए सुविधा की बजाय परेशानी का सबब बन गया है। जिला व्यापार मंडल ने इस समस्या को लेकर चिंता जताई है। जिलाध्यक्ष हीरालाल शर्मा व शहरी प्रधान कीर्ति गर्ग ने बताया कि कोर्ट कॉलोनी रोड पर स्थित फाटक से दिनभर हजारों वाहनों का आवागमन होता है। पिछले कुछ समय से इस फाटक पर अंडरपास को लेकर खुदाई का कार्य किया जा रहा है। इस खुदाई कार्य के दौरान मजदूरों द्वारा मिट्टी को रोड के ऊपर डाल दिया गया है, जिस कारण पूरा दिन धूल उड़ती रहती है, जोकि वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है। उन्होंने बताया कि काफी दिनों तक मिट्टी को उठाया नहीं जा रहा, जिस कारण पूरा दिन धूल भरा वातावरण रहता है। सुबह लोग नहा धोकर अपने काम के लिए निकलते हैं, लेकिन यहां से गुजरने के दौरान उनका बुरा हाल हो जाता है। आसपास स्कूल होने के कारण विद्यार्थियों का भी पूरा दिन आवागमन रहता है।

धूल के कारण कई बार हादसे में भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी प्रशासन की ओर से इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिला व्यापार मंडल ने प्रशासन से गुहार लगाई कि रोड पर पड़ी मिट्टी को साथ की साथ उठवाया जाए और सुबह-शाम पानी का छिडक़ाव किया जाए, ताकि लोगों को इस समस्या से छुटकारा मिल सके और वे राहत की सांस ले सकें।

### हर घर पंछी धाम मुहिम से पक्षियों को मिल रहा नया जीवन

**सिरसा।** यूथ क्लब एसोसिएशन सिरसा एवं गरीब का मुख गुरू की गुल्लक ट्रस्ट सिरसा द्वारा शुरू की गई हर घर पंछी धाम मुहिम की कड़ी में नेहरू युवा केंद्र हरियाणा के पूर्व निदेशक नरेंद्र यादव ने स्वयं पंछी धाम लगाकर समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बढ़ती गर्मी और पेड़ों की कमी के कारण पक्षियों का जीवन संकट में है, ऐसे में यह मुहिम उनके लिए जीवनदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि यूथ क्लब एसोसिएशन हरियाणा पिछले 7-8 वर्षों से समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सराहनीय कार्य कर रहा है। संस्था हमेशा समाज के लिए कुछ नया करने का प्रयास करती है, जो लोगों को अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित करता है और समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने का काम करता है। उन्होंने यह भी कहा कि हर घर पंछी धाम जैसी मुहिम पक्षियों के जीवन की रक्षा कर रही है।



### सीडीएलयू में इवेंट मैनेजमेंट पुस्तक का विमोचन

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में इवेंट मैनेजमेंट पुस्तक का विधिवत लोकार्पण किया गया। यह पुस्तक विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की प्रोफेसर सुनीता सुखीजा द्वारा लिखी गई है। पुस्तक का विमोचन चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार तथा कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर तकनीकी सलाहकार प्रो. पंकज शर्मा भी मौजूद थे। कुलपति ने प्रो. सुखीजा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इवेंट मैनेजमेंट स्टूडेंट्स के लिए एक बेहतरीन करियर विकल्प है, जो उन्हें रचनात्मकता, प्रबंधन और नेतृत्व कौशल सिखाता है। यह क्षेत्र सिर्फ पार्टियां आयोजित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह योजना, विपणन और निष्पादन का एक मिश्रित रूप है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक न केवल प्रबंधन के छात्रों बल्कि उद्योग जगत के पेशेवरों और उद्यमियों के लिए भी उपयोगी साबित होगी। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने लेखिका को बधाई देते हुए कहा कि इवेंट मैनेजमेंट की पुस्तक छात्रों को एक व्यवस्थित और रचनात्मक तरीके से योजना बनाना सिखाती है, जिससे वे एक सफल इवेंट मैनेजर बन सकें। प्रो. सुखीजा ने बताया कि पुस्तक में रियल-लाइफ केस स्टडीज और सफल इवेंट्स के पीछे की रणनीतियों पर विशेष चर्चा की गई है। इस पुस्तक में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा और अन्य विश्वविद्यालयों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के बीए, वाणिज्य, जनसंचार आदि कोर्सों का पाठ्यक्रम शामिल किया गया है, जो इन विश्वविद्यालयों के छात्रों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगा।

## किसानों को 1109 करोड़ रुपये का भुगतान

# मंडियों में उठान में तेजी, अब तक 66.80 प्रतिशत गेहूं की लिफ्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। अनाज मंडी में गेहूं उठान करते श्रमिक।

जिले की अनाज मंडियों से गेहूं उठान प्रक्रिया ने अब तेजी पकड़ ली है। खरीद सीजन 2026-27 के दौरान अब तक कुल 7,17,760 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है, जिसमें से 4,79,461 मीट्रिक टन का उठान किया जा चुका है। यह कुल खरीद का 66.80 प्रतिशत है, जिससे मंडियों में स्टॉक कम होने लगा है और किसानों को राहत मिल रही है। गेहूं की सरकारी खरीद विधिवत रूप से 1 अप्रैल से शुरू हुई थी। अब एक महीने बाद गेहूं की आवक धीरे-धीरे कम हो रही है। यानि कि गेहूं का सीजन अंतिम चरण में है। पिछले दिनों तक प्रतिदिन 30 से 40 हजार एमटी आवक हो रही थी। दो दिन से अब यह आवक 8 से 10 हजार एमटी प्रतिदिन तक सिमट गई है। मंडियां भी धीरे-धीरे गेहूं की बोरियों से खाली हो रही हैं। किसान इन दिनों गेहूं बेचकर घर लौट रहा है।

बता दें कि अभी खरीफ फसल की बिजाई का समय शेष है। ऐसे में किसान तूड़ी बनाने में जुटा है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कुशल बूरा के अनुसार, शेष 2,38,299 मीट्रिक टन गेहूं का उठान भी जल्द पूरा करने के लिए संबंधित एजेंसियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मंडियों में उठान कार्य को तेज करने के लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड, हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन और एफसीआई मिलकर काम कर रहे हैं। किसानों को भुगतान के मोर्चे पर भी राहत मिली है। अब तक जिले में किसानों के खातों में करीब 1109.30 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की जा चुकी है, जिससे आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिली है। प्रशासन का कहना है कि सरकार की प्राथमिकता किसानों को समय पर भुगतान और मंडियों में सुचारू व्यवस्था बनाए रखना है। आने वाले दिनों में उठान कार्य और तेज होने की उम्मीद है, जिससे मंडियां पूरी तरह खाली होने लगेंगी।

### खास बातें

| | |
|---|---|
| कुल खरीद | : 7,17,760 मीट्रिक टन |
| कुल उठान | : 4,79,461 मीट्रिक टन |
| उठान प्रतिशत | : 66.80 प्रतिशत |
| शेष स्टॉक | : 2,38,299 मीट्रिक टन |
| किसानों को भुगतान | : 1109.30 करोड़ |

### 9.75 लाख एमटी से अधिक गेहूं की हुई खरीद

सिरसा। जिला की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद प्रक्रिया जारी है। गत दिवस तक जिला के 1,12,476 किसानों की 9,75,47 मीट्रिक टन (एमटी) गेहूं की खरीद की जा चुकी है जिसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 67,627 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 7,31,260 मीट्रिक टन तथा एचएसडब्ल्यूसी 1,76,560 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि अबूबशहर मंडी में 24434 मीट्रिक टन, बड़ागुढा मंडी में 20820 मीट्रिक टन, डबवाली मंडी में 53347 मीट्रिक टन, डिंग मंडी में 24712 मीट्रिक टन, ऐलनाबाद मंडी में 56179 मीट्रिक टन, गंगा मंडी में 20205 मीट्रिक टन, जीवन नगर मंडी में 31929 मीट्रिक टन, कालांवाली मंडी में 76859 मीट्रिक टन, नाथूसरी चोपटा मंडी में 28034 मीट्रिक टन, औढां मंडी में 21697 मीट्रिक टन, रानियां मंडी में 48062 मीट्रिक टन, सिरसा मंडी में 69193 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई।

## खबर संक्षेप

### शनि धाम में मनाया जाएगा जयंती समारोह

सिरसा। आगामी 16 मई को ज्येष्ठ मास की अमावस्या है और यह अद्भुत संयोग है कि यह अमावस्या शनिवार को है यानि शनैश्चरी अमावस्या है। ज्येष्ठ मास की अमावस्या को कर्मफल दाता, न्यायकर्ता भगवान शनिदेव का जन्मदिन है। शनैश्चरी अमावस्या होने के कारण इसका महत्व और भी बढ़ गया है।नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन श्री शनिधाम मंदिर के पुजारी चंद्रमोहन भृगुवंशी ने बताया कि 16 मई को शनिधाम में शनि जयंती पर भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा।

### जोधका में कबड्डी नर्सरी शुरू, 35 का चयन

सिरसा। गांव जोधका में खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से एक बार फिर कबड्डी की खेल नर्सरी शुरू कर दी गई है। ग्राम पंचायत जोधका के सहयोग से आयोजित इस पहल के तहत ट्रायल आयोजित किया गया, जिसमें आसपास के कई गांवों के खिलाडियों ने भाग लिया। ट्रायल में कुसुंभी, कुक्कड़ थाना, मोची वाली, शेरपुरा, डिंग मंडी और जोधका सहित आसपास के क्षेत्रों से 61 खिलाड़ी पहुंचे। प्रदर्शन के आधार पर 21 लडक़ों और 14 लड़कियों का चयन किया गया।

### पुलिस ने 129 बोतल अवैध शराब सहित 9 दबोचे

सिरसा। जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने अलग-अलग स्थानों से अवैध रूप से रखी गई कुल 129 बोतल देसी शराब बरामद कर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नाथूसरी चौपटा थाना पुलिस ने गिगोरानी क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी मुकेश कुमार को 18 बोतल देसी शराब सहित गिरफ्तार किया। सदर थाना पुलिस ने शाहपुर बेगू गांव से आरोपी सुखविंद्र सिंह को 13 बोतल शराब के साथ पकड़ा। कई अन्य आरोपी भी पकड़े गए।

### हेरोइन सहित चार युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

फतेहाबाद। नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस ने रतिया और भूना क्षेत्रों से चार युवकों को हेरोइन और मोटरसाइकिलों सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए रतिया की टीम ने सुखचैन नहर, लालवास के पास गश्त के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को संदिग्ध हालत में पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 8.08 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपियों की पहचान अलीका निवासी गुरविन्द्र सिंह उर्फ गिन्दी और विक्रमजीत उर्फ विक्की के रूप में हुई है।

### अफीम तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

फतेहाबाद। नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक व्यक्ति को अफीम सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस बाईपास क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति टोहाना-रतिया रोड स्थित नए बाईपास टी-प्वाइंट पर अफीम सप्लाई करने की फिराक में खड़ा है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सुरेन्द्र कुमार के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उससे 28.10 ग्राम अफीम बरामद की गई।

## शहजादपुर में मनाई जाएगी महाराणा प्रताप की जयंती


फतेहाबाद। बोसवाल में राज्य स्तरीय जयंती समारोह का निमंत्रण देते नेपाल सिंह राणा व भवानी सिंह। फोटो : हरिभूमि

- बोसवाल पहुंचे नेपाल सिंह राणा लोगों को दिया न्योता, भवानी सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शौर्य, साहस और स्वाभिमान के अद्वितीय प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती इस वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा बेहद भव्य स्तर पर मनाई जाएगी। आगामी 9 मई, शनिवार को अंबाला जिले की शहजादपुर अनाज मंडी में सुबह 11 बजे एक विशाल राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के नेतृत्व में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। समारोह की तैयारियों को लेकर पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल है। समारोह का निमंत्रण देने और जनसंपर्क अभियान के तहत कृषि मंत्री के सुपुत्र नेपाल सिंह राणा फतेहाबाद के गांव बोसवाल पहुंचे। यहां महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भवानी सिंह के निवास पर आयोजित जलपान समारोह में उनका कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए नेपाल सिंह राणा ने कहा, कि महाराणा प्रताप केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि त्याग और राष्ट्रभक्ति की जीती-जागती मिसाल थे। उन्होंने घास की रोटी खाना स्वीकार किया, लेकिन विदेशी दासता कभी स्वीकार नहीं की। उनकी वीरता आज भी हर भारतीय के रक्त में जोश भर देती है। इस मौके पर गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मोहन गढ़वाल सरपंच अकांवाली, जगजीत हुड्डा टोहाना, अशोक अलीका, प्रमोद अहलीसदर, रवि भाखर, हरीश बंसल, महेन्द्र मास्टर, विकास कम्बोज, संजय वर्मा सरपंच दौलतपुर, दीपक कम्बोज सरपंच हरिपुरा, बलवान रणवां बनगांव, डैनी बोसवाल, राजेश सदलपुर, राम सिंह अयाल्की, ललित फतेहाबाद, अमरीक नंबरदार, राधेश्याम बोसवाल, अजय बोसवाल, गुरभेज सिंह पूर्व सरपंच रजाबाद, कर्ण सरपंच, पारस सिंगला, शर्मा चंद लाली, कुलदीप हिजरावां, अशोक रत्ताटिब्बा व अन्य मौजूद रहे।

## पेस्टीसाइड एसोसिएशन ने कृषि मंत्री को भेजा मांग पत्र, समाधान की उठाई मांग

- एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मंत्री के पत्र को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। नेपाल सिंह राणा को ज्ञापन सौंपते पेस्टीसाइड एसोसिएशन के पदाधिकारी।

पेस्टीसाइड एसोसिएशन फतेहाबाद का एक प्रतिनिधिमंडल क्षेत्र के व्यापारियों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर गांव बोसवाल पहुंचा। वहां उन्होंने प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के सुपुत्र नेपाल सिंह राणा से मुलाकात की और उन्हें एक मांग पत्र सौंपा। एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण गिल्होत्रा के नेतृत्व में पहुंचे इस प्रतिनिधिमंडल ने फतेहाबाद आगमन पर नेपाल सिंह राणा का स्वागत किया और कृषि आदान व्यापारियों को आ रही दिक्कतों से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रधान कृष्ण गिल्होत्रा के साथ सचिव साहिल झंडई, हेमंत बत्रा, मंगत मित्तल, रिशव मित्तल, कैशियर कुलदीप जिंदल सहित एसोसिएशन के अनेक पदाधिकारी और प्रमुख व्यापारी मौजूद रहे।


फतेहाबाद। महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित करते अधिकारी।

### विश्वास संस्था बना रही महिलाओं को आत्मनिर्भर

फतेहाबाद। जिला फतेहाबाद में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विश्वास संस्था द्वारा नाबार्ड के सहयोग से प्रभावी पहल की जा रही है। संस्था के माध्यम से महिलाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण प्रदान करते हुए उनकी क्षमता का विकास किया जा रहा है, जिससे वे स्वावलंबन की ओर अग्रसर हो रही हैं। गांव बड़ोपल में आयोजित प्रमाण पत्र वितरण समारोह के दौरान नाबार्ड हिसार क्लस्टर से सहायक महाप्रबंधक स्वरदीप सिंह ने बताया कि नाबार्ड का उद्देश्य ग्रामीण समृद्धि के लिए स्थायी आजीविका के अवसर सृजित करना है। इसी कड़ी में जिला फतेहाबाद में एसएचजी महिलाओं को आत्मनिर्भरता से जोडने हेतु वूमेन टेलर गतिविधि मे प्रशिक्षण प्रदान करते हुए आजीविका से जोड़ा जा रहा है, जिसमें विश्वास संस्था एक भागीदार के रूप में कार्य कर रही है।


फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते क्षत्रिय राजपूत महासभा के पदाधिकारी।

### फतेहाबाद में ही मनेगी महाराणा प्रताप जयंती

फतेहाबाद। फतेहाबाद जिले में क्षत्रिय राजपूत महासभा ने एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद कड़ा निर्णय लिया है। महासभा ने आगामी 9 मई को अंबाला में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती समारोह में भाग न लेने का ऐलान किया है। इसके बजाय, महासभा फतेहाबाद में ही जिला स्तर पर अपने दम पर महाराणा प्रताप जयंती मनाएगी। महासभा का आरोप है कि राज्य स्तरीय टीम जिसका नेतृत्व कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के पुत्र नेपाल सिंह राणा और विनोद राणा थांबड़ कर रहे हैं, ने फतेहाबाद की महासभा को दरकिनार किया है। महासभा सदस्यों ने कहा कि 30 अप्रैल को शाम 4 बजे महासभा को मीटिंग का समय दिया गया था, लेकिन आरोप है कि महासभा के कार्यक्रम को एक राजनेता द्वारा दरकिनारे करके एक निजी स्थान पर करवाया गया, जिससे स्थानीय पदाधिकारियों को काफी इंतजार करना पड़ा। इस पर महासभा ने रोष जताते हुए निर्णय लिया है कि राज्य स्तरीय समारोह अंबाला में न जाकर जिला स्तर पर 9 मई को महाराणा प्रताप जयंती मनाई जाएगी।

## श्रमिक वर्ग समाज की रीढ़, इनके बिना राष्ट्र विकास की कल्पना अधूरी : जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। श्रमिकों को माला पहनाकर सम्मानित करते भाजपा जिलाध्यक्ष।

अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर भाजपा नेताओं ने लेबर यूनियन में पहुंचकर श्रमिकों का सम्मान करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने श्रमिकों को फूल-मालाएं पहनाकर व मिठाई भेंट कर श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दी। प्रवीण जोड़ा ने कहा कि श्रमिक वर्ग समाज की रीढ़ है और इनके परिश्रम के बिना विकास की कल्पना अधूरी है। श्रमिक दिन-रात कड़ी मेहनत कर न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, बल्कि देश और समाज के निर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। दूसरों के सपनों का घर बनाने वाले ये श्रमिक वास्तव में राष्ट्र के सच्चे निर्माता हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि श्रमिकों का जीवन संघर्षपूर्ण जरूर होता है, लेकिन उनका योगदान अमूल्य है। हर ईंट, हर इमारत और हर निर्माण कार्य में उनकी मेहनत झलकती है। हमें उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस मौके पर पदाधिकारी मौजूद रहे।

### दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 को

फतेहाबाद। हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सदस्य सचिव से प्राप्त दिशा निर्देशों की अनुपालना में पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी मे 9 मई को जिला फतेहाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन स्थानीय न्यायिक परिसर व उपमंडल स्तर पर रतिया व टोहाना न्यायिक परिसरों में किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डॉ. गायत्री ने बताया कि हालसा के सदस्य सचिव के दिशा निर्देशानुसार जिला फतेहाबाद में मई माह में दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को लगाई जाएगी।

### एसडीएम ने किया जलघर का निरीक्षण

रतिया। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने सहनाल रोड पर ढाणी जाखन दादी में लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे जलघर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलघर में बन रहे टैंक, फिल्ट्रेशन प्लांट तथा पाइपलाइन से जुड़े सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से और तेज गति से पूरा किया जाए, ताकि परियोजना निर्धारित समय में पूर्ण हो सके। इस दौरान एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

### मंदिर में अल्पाहार वितरण वार्षिकोत्सव 3 को

फतेहाबाद। मॉडल टाऊन, रतिया रोड स्थित योग दिव्य मंदिर में 3 मई रविवार को रोगी अल्पाहार वितरण एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। धर्मपाल चावला ने बताया कि कार्यक्रम के तहत प्रातः 9.15 बजे हवन यज्ञ का आयोजन होगा, जिसके बाद 10.30 बजे से भजन-कीर्तन शुरू होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया शिरकत करेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव बत्रा द्वारा की जाएगी। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि भी मौजूद रहेंगे।

### बढ़ती महंगाई से आमजन त्रस्त: कुमारी सैलजा

सिरसा। सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने देश में लगातार बढ़ती महंगाई पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों के कारण आम जनता की मुश्किलें दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। सांसद ने केंद्र सरकार से मांग की कि बढ़ती महंगाई पर तुरंत नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं और आम जनता, विशेषकर गरीब एवं मजदूर वर्ग को राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर पर 993 रुपये और 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर की कीमतों में 261 रुपये की हालिया वृद्धि सीधे तौर पर आम आदमी का नुकसान है।

### सुनैना व कमलजीत ने उत्तीर्ण की यूजीसी परीक्षा

सिरसा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की दो छात्राओं ने यूजीसी-नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। विभाग की छात्रा सुनैना तथा कमलजीत कौर ने यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विष्णु भगवान तथा प्रभारी डॉ. नीलम रानी ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह विभाग के लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

### जाखल में दो कारों में भीषण टक्कर में दो घायल

फतेहाबाद। जाखल गांव में शुक्रवार दोपहर एक भीषण सडक़ हादसा हो गया। मेन रोड पर ओवरब्रिज के नीचे दो तेज रफ्तार कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें दोनों कारों के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में 2 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद अग्रोहा और पटियाला रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, जाखल से सटे पंजाब के चूल्हड़ गांव के गुरु नानक नगर निवासी गुरविंदर सिंह अपनी कार से रेलवे ओवरब्रिज से जाखल शहर की ओर आ रहे थे। तभी सामने से पंजाब के सलेमगढ़ निवासी गुरप्रीत सिंह की तेज रफ्तार कार से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में दोनों कारों के ड्राइवर गुरविंदर सिंह और गुरप्रीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों और राहगीरों ने उन्हें तुरंत जाखल के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद गुरविंदर सिंह को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज और गुरप्रीत सिंह को पटियाला रेफर कर दिया। गुरप्रीत सिंह की हालत नाजुक बताई जा रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## जागो संस्था ने महापुरुषों की जयंती पर अवकाश की नीति बदलने का किया आह्वान

# स्कूलों में बच्चों को महापुरुषों का संदेश देना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सामाजिक सरोकारों के लिए मुखर रहने वाली जागो संस्था ने प्रदेश की भाजपा सरकार से महान विभूतियों, गुरुओं, भगवान और स्वतंत्रता सेनानियों की जयंती पर स्कूलों में अवकाश घोषित करने की परंपरा को बंद करने की मांग की है।

### ये बोले पदाधिकारी

संस्था का तर्क है कि इन खास दिनों पर छुट्टी करने से बच्चे उन महान व्यक्तित्वों के कार्यों और उनके जीवन दर्शन से पूरी तरह वंचित रह जाते हैं। संस्था के पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि सरकारी छुट्टी होने से जयंती मनाने का वास्तविक उद्देश्य समाप्त हो जाता है। उदाहरण स्वरूप, यदि भगवान बुद्ध की जयंती पर स्कूल खुले होते और वहां उनकी शिक्षाओं तथा आनापान सती योग के बारे में बताया जाता, तो छात्र अधिक प्रेरित होते। बुद्ध ने भगवान शिव द्वारा माता पार्वती को दिए गए इसी प्राचीन योग ज्ञान को आमजन तक पहुंचाया था, जो पूर्णतः सांसों और प्राणायाम पर आधारित है। विश्व के अनेक बौद्ध देशों में इस पर शोध हो रहे हैं, लेकिन भारत में अवकाश के कारण छात्र इस ज्ञान से दूर हैं। बैठक में इस अवसर पर देवेंद्र दहिया, सेवा सिंह मुवाल, अधिवक्ता प्रदीप जांगड़ा, प्रीतम फुटेला, भारत गोयल, राजेंद्र ठाकुर, आशु चुघ, रविंद्र गढ़वाल, प्रमोद बजाज, मिथलेश रोहिल्ला व ब्राईट गोदारा सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। सभी ने सरकार से आग्रह किया कि जयंतियों को केवल औपचारिक अवकाश न बनाकर उन्हें ज्ञान और संस्कार बांटने के दिवस के रूप में मनाया जाए।


फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते जागो संस्था के पदाधिकारी।

### ये सुझाव दिए

जागो संस्था के सदस्यों ने सुझाव दिया कि शहीद भगत सिंह के शहादत दिवस पर उनकी गौरवगाथा, जन्माष्टमी पर स्वामी रामसुख दास रचित साधक संजीवनीः श्रीमद्भगवद्गीता का टीका और अन्य महापुरुषों के प्रेरक प्रसंगों को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर जयंतियों पर विशेष कार्यक्रम होने चाहिए। इससे बच्चों में नैतिक मूल्यों और गौरवशाली इतिहास के प्रति रुचि बढ़ेगी।

### चोरों ने ट्यूबवेल की मेन वायर चुराई

फतेहाबाद। जिले के जाखल स्थित नायक बस्ती में स्वास्थ्य केंद्र में लगे सरकारी ट्यूबवेल से वीरवार रात चोर बिजली की मेन तार चुरा ले गए। इस कारण नायक बस्ती और दुर्गा कॉलोनी में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई, जिससे शुक्रवार सुबह लगभग 800 परिवारों के सामने पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया। लोग पब्लिक हेल्थ विभाग के कर्मचारियों से बार-बार फोन कर सप्लाई छोडने के बारे में पूछते रहे। इसके बाद कर्मचारियों ने तार चोरी होने के कारण सप्लाई बाधित होने की जानकारी दी। नायक बस्ती निवासी गोल्डी, गुरमीत राम, सतपाल, राजेंद्र, मिठू, गोपी राम, जगमेल सिंह, गुरमेल सिंह और विक्की आदि ने बताया कि शुक्रवार सुबह जब पानी नहीं आया, तो उन्होंने ट्यूबवेल परिसर जाकर देखा। वहां मोटर को बिजली आपूर्ति करने वाली मुख्य तार कटी हुई और गायब मिली।